तक अनुमोदित कर दिया जाएगा ?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बंडारू दत्तात्रेय) : (क) जी, हां। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार 20,000 से कम आबादी वाले शहरों के लिए 342.12 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर त्वरित शहरी जल आपूर्ति कार्यक्रम (ए यू डब्ल्यू एस पी) के तहत राजस्थान सरकार ने 3 स्कीमें भेजी है जो केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए जांचाधीन है। स्कीमों के विवरण इस प्रकार है:-

क्र0 सं0	शहर का नाम	जिला	आबादी	परियोजना लागत (लाख रु0 में)
1.	मनोहर थाना	झालवार	7156	128.07
2.	बागु	जयपुर	15509	134.09
3.	भांवरी	सिरोही	9091	79.20
			योग	342.12

(ख) ए यू डब्ल्यू एस कार्यक्रम के तहत स्कीमों का अनुमोदन शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय के लिए केन्द्रीय योजना के तहत कार्यक्रम के लिए निधियों का नियमन और स्कीमों की प्रौद्यो-आर्थिक की व्यवहार्यता पर निर्भर करेगा।

प्रत्येक नागरिक के लिए आवास एवं आवासनीय भूखंड

906. **श्री ओंकार सिंह लखावत** : क्या **शहरी कार्य और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के शहरी क्षेत्रों में आवास एवं आवासीय भूखंडों की आवश्यकता के संबंध में कोई सर्वेक्षण करवाया है, यदि हां, तो यह कब कराया गया था;

(ख) शहरी क्षेत्र में कुल कितने इच्छुक लोग आवास तथा भूखंड विहीन हैं तथा राजस्थान में इनकी संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने प्रत्येक नागरिक के परिवार को आवास या आवासीय भूखंड देने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बंडारू दत्तात्रेय) : (क) देश में शहरी क्षेत्रों में मकानों और रिहायशी प्लाटों की आवश्यकताओं का आंकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण नही किया गया। तथापि 1991 की जनगणना के अनुसार वर्ष 1991 में देश के शहरी क्षेत्रों में 8.23 मिलियन आवास की कमी थी। एन बी ओ के आंकलन के अनुसार 2001 तक 6.64 मिलियन हो जाएगी।

(ख) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में शहरी क्षेत्रों में आवास रहित परिवारों की संख्या 2.17 लाख थी जबकि राजस्थान में यह केवल 8000 थी।

(ग) और (घ) शासन के लिए राष्ट्रीय एजेंडा के अनुसार गरीबों और असहायों पर विशेष ध्यान देते हुए प्रत्येक वर्ष 2 मिलियन अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाना है। इसमें से 7 लाख रिहायशी मकान शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे।

कानपुर में गंगा नदी पर बहुउद्देश्यीय परियोजना

907. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या **शहरी कार्य और रोजगार** मंत्री 6 जुलाई, 1998 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2275 के दिये गये उत्तर को देखें और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने योजना आयोग के अनुमोदन के बाद कानपुर में गंगा नदी पर बहु-उद्देशीय परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ख) क्या लागत का 50 प्रतिशत व्यय केन्द्र द्वारा वहन करने के विषय में कोई अन्तिम निर्णय ले लिया गया है; और

(ग) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्र द्वारा दी जाने वाली धनराशि का प्रावधान करना शुरू कर दिया है;